## PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS
## COMPILED BY MEDIA CELL (14.04.2025)

DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR
DATE : 14.04.2025, PAGE-04

# अतिरिक्त पदों का सृजन कर ली जाए अतिथि शिक्षकों की सेवा

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में सीनेट की बैठक संपन्न होने के बाद अतिथि प्राध्यापक संघ ने कुलपति प्रो. डीसी राय और रजिस्ट्रार प्रो. संजय कुमार के प्रति आभार प्रकट किया है। अतिथि प्राध्यापक संघ के अध्यक्ष डा. ललित किशोर ने कहा कि विधान परिषद सदस्य प्रो. संजय कुमार सिंह ने छात्रों की बढ़ती संख्या और बेहतर शैक्षणिक माहौल बनाने की दिशा में पद सृजन करने की मांग उठाई है। उन्होंने यूजीसी के पत्र का हवाला देते हुए कहा कि फिलहाल विश्वविद्यालय 20 प्रतिशत अतिरिक्त पद का सृजन कर अतिथि प्राध्यापकों से सेवा ले सकती है। संघ के महासचिव डा. राघव कुमार, डा. नितेश कुमार, डा. सर्वेश्वर कुमार सिंह, डा. अर्चना शर्मा, डा. राकेश कुमार, डा. राकेश रंजन, डा. संजय कुमार यादव, डा. रंजीत कुमार, डा. दिगंबर झा ने नवनिर्वाचित सिंडिकेट और एकेडमिक काउंसिल के सदस्यों को बधाई दी है।

DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE:14.04.2025, PAGE-04

# 1600 फेल छात्र फिर से कराएंगे नामांकन

## स्पेशल पार्ट टू परीक्षा के लिए भरा जा रहा फार्म, पिछले दिनों जारी हुआ था रिजल्ट

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में स्पेशल पार्ट वन की परीक्षा में असफल हुए सैकड़ों छात्र-छात्राओं को अब स्नातक उत्तीर्ण होने के लिए दोबारा नामांकन लेना होगा। पिछले दिनों विश्वविद्यालय स्तर से जारी परिणाम में करीब 1600 से अधिक विद्यार्थी असफल हो गए थे। टीडीसी पार्ट वन की स्पेशल परीक्षा में अनुत्तीर्ण होने के बाद अब उन्हें दोबारा चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम में नामांकन लेना होगा।

- टीडीसी पार्ट वन की स्पेशल परीक्षा में छात्र हुए थे अनुत्तीर्ण
- परीक्षा से पूर्व ही विश्वविद्यालय की ओर दे दी गई थी जानकारी



स्पेशल पार्ट वन की परीक्षा से पूर्व ही विश्वविद्यालय की ओर से इसकी जानकारी सभी कालेजों के माध्यम से छात्र-छात्राओं को दी गई थी। किसी कारणवश फेल, प्रमोट या छूटे हुए छात्र-छात्राओं को अंतिम अवसर प्रदान करते हुए विश्वविद्यालय की ओर से अंतिम मौका उपलब्ध कराते हुए परीक्षा कराई गई थी। बावजूद इसके परीक्षा में सैकड़ों विद्यार्थी फेल हुए हैं। टीडीसी पार्ट वन की स्पेशल परीक्षा में चार सत्रों के करीब 22 हजार से अधिक विद्यार्थी शामिल हुए थे। इसमें सत्र 2019-22, 2020-23, 2021-24 और 2022-25 के पार्ट वन में प्रमोट, फेल, अनुपस्थित या छूटे विद्यार्थियों को शामिल किया गया था। दूसरी ओर सत्र 2023 - 27 से ही चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम का संचालन विश्वविद्यालय में किया जा रहा है। वहीं विश्वविद्यालय की ओर से अब टीडीसी पार्ट टू की स्पेशल परीक्षा कराए जाने की तैयारी चल रही है। इसके लिए परीक्षा फार्म भरने की तिथि जारी कर दी गई है। सबकुछ ठीक रहा तो अगले महीने इसकी परीक्षा कराई जाएगी। परीक्षा नियंत्रक डा. सुबालाल पासवान ने बताया कि स्पेशल पार्ट टू की परीक्षा होनी है।

**स्पेशल पार्ट थर्ड की भी होगी परीक्षा :** विश्वविद्यालय में स्पेशल पार्ट थर्ड की भी परीक्षा कराई जाएगी। यह भी पार्ट थर्ड की आखिरी परीक्षा होगी। इसी तरह स्पेशल पार्ट टू की परीक्षा भी विश्वविद्यालय में अंतिम बार ही होगी। अगर इन दोनों परीक्षाओं में कोई विद्यार्थी फेल हो जाता है तो उसे फिर से चार वर्षीय पाठ्यक्रम में नामांकन लेना होगा। ऐसे में विश्वविद्यालय की ओर से छात्र-छात्राओं को सचेत रहने की सलाह दी गई है। फेल होने की स्थिति में उन्हें रिजल्ट क्लियर करने का अब कोई भी मौका नहीं मिलेगा।

## डीएलएड विद्यार्थियों के पंजीयन कार्ड वेबसाइट पर अपलोड

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर : डीएलएड परीक्षा 2025 में शामिल होने वाले विद्यार्थियों का मूल पंजीयन वेबसाइट पर अपलोड कर दिया है। परीक्षा समिति ने त्रुटियों में सुधार के बाद वेबसाइट पर विद्यार्थियों के मूल पंजीयन कार्ड सत्र 2024-26 के प्रथम वर्ष व सत्र 2023-25 के द्वितीय वर्ष की डीएलएड परीक्षा में शामिल होने वाले परीक्षार्थियों के लिए परीक्षा आवेदन पत्र का प्रपत्र अपलोड किया गया है। 15 से 26 अप्रैल के बीच आनलाइन परीक्षा आवेदन भरे जाएंगे और साथ में निर्धारित शुल्क भी जमा करना सुनिश्चित करेंगे। उधर परीक्षा समिति ने कहा कि डीएलएड .( फेस टू फेस ) पाठ्यक्रम के प्रशिक्षण सत्र 2024 - 26 के प्रथम वर्ष एवं 2023-25 के द्वितीय वर्ष में नामांकित विद्यार्थियों का मूल रजिस्ट्रेशन कार्ड भी वेबसाइट पर अपलोड किया है। प्रशिक्षण संस्थानों के प्राचार्य डाउनलोड कर संबंधित विद्यार्थी को देंगे।

**PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR**

**DATE: 14.04.2025, PAGE-04**

## टीडीसी (थ्री ईयर डिग्री कोर्स) पार्ट वन की स्पेशल परीक्षा का मामला

# फेल छात्रों को चार वर्षीय स्नातक कोर्स में कराना होगा एडमिशन

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

टीडीसी (थ्री ईयर डिग्री कोर्स) पार्ट वन की स्पेशल परीक्षा में फेल छात्रों को अब नये सिरे से चार वर्षीय स्नातक कोर्स में एडमिशन लेना होगा. बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में सत्र 2023-24 से स्नातक में तीन वर्षीय की जगह पर चार वर्षीय कोर्स संचालित हो रहा है. इस साल टीडीसी के पार्ट थर्ड की अंतिम परीक्षा होगी. वहीं, पार्ट टू की स्पेशल परीक्षा कराई जायेगी. इसको लेकर तैयारी चल रही है. बता दें कि स्पेशल परीक्षा में फेल छात्र लगातार कॉलेज और विश्वविद्यालय का चक्कर लगा रहे हैं. उनका कहना है कि केवल पार्ट वन के चलते उनके पार्ट टू और थ्री का रिजल्ट अटका है. पिछले साल विश्वविद्यालय में पार्ट वन की स्पेशल परीक्षा कराई गयी थी, जिसमें पिछले चार सत्र के छात्रों को मौका मिला था. सैकड़ों छात्र स्पेशल परीक्षा में भी फेल हो गये हैं. ऐसे में अब उनके लिए तीन वर्षीय कोर्स में कोई अवसर नहीं बचा है. विश्वविद्यालय की ओर से कहा गया है कि इन छात्रों को स्नातक के लिए अब नये सिरे से नामांकन लेना होगा. टीडीसी पार्ट वन की स्पेशल परीक्षा पिछले साल करायी . तीन वर्षीय स्नातक कोर्स खत्म होने के बाद पार्ट वन की ये अंतिम परीक्षा थी. इसमें सत्र 2019-22,20-23, 21-24 व 22-25 के पार्ट वन में प्रमोट या अनुपस्थित छात्रों को शामिल किया गया था.

### अगले महीने होगी पार्ट टू की स्पेशल परीक्षा

विश्वविद्यालय में अगले महीने टीडीसी पार्ट टू की स्पेशल परीक्षा होगी. 11 अप्रैल से कॉलेजों में परीक्षा फॉर्म भरवाया जा रहा है. वहीं 18 अप्रैल तक फॉर्म भरने की अंतिम तिथि निर्धारित की गयी है. वहीं 500 रुपये विलंब शुल्क के साथ 19 से 21 अप्रैल तक परीक्षा फॉर्म भरवाया जायेगा. इस परीक्षा में सत्र 2021-24 और सत्र 2022-25 के पार्ट टू में प्रमोट या अनुपस्थित छात्र शामिल होंगे. विश्वविद्यालय की ओर से सभी कॉलेजों को कहा गया है कि निर्धारित अवधि में परीक्षा फॉर्म भरवाना सुनिश्चित करें.

◻ वेबसाइट पर खबर पढ़ने के लिए क्यूआर स्कैन करें.

### छात्रों की मांग पूरी नहीं होने पर करेंगे आंदोलन



राजद कार्यालय में प्रेसवार्ता करते छात्र राजद के कार्यकर्ता.

**मुजफ्फरपुर.** छात्र राजद मुजफ्फरपुर की ओर से सीनेट बैठक के दौरान कुलपति का घेराव व भ्रष्टाचार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के साथ कुलपति को 11 सूत्री मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया था. उसी विषय पर राजद कार्यालय में छात्र राजद के द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस कर विस्तृत जानकारी दी गयी. बताया कि मांग पूरा नहीं होने पर आंदोलन को लेकर बाध्य होंगे. जिसमें विवि में 2018 के बाद छात्र संघ का चुनाव नहीं हुआ है, जिसका अविलंब तिथि घोषित किया जाए, विवि प्रेस को चालू किया जाए, क्योंकि कि प्रेस होते हुए भी प्राइवेट प्रिंटिंग प्रेस का उपयोग किया जाना भ्रष्टाचार पूर्ण है, पीजी के लगभग सभी सत्रों में गड़बड़ी तथा अनियमितता दूर की जाए, पैट-2023 के आवेदन के लिए पोर्टल खोला जाए, बेतिया व सीतामढ़ी में अविलंब लॉ की पढ़ाई शुरू किया जाए, जैसी मांगों को रखा गया. छात्र राजद जिला अध्यक्ष अविनाश कुमार उर्फ राजा बाबू ने कहा की विवि मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन के लिए बाध्य होंगे. इस दौरान हैदर निजामी, छात्र राजद के अजीत कुमार, दीपू , चंदन यदुवंशी, केशव किशोर, सूरज सिंह, मोहम्मद अमीर, वारिश अली, विकेश, सुबोध, विक्रम, आशीष, प्रकाश कश्यप, उज्वल झा व अन्य सदस्य उपस्थित रहे.